Register Number:

DATE: 06-05-2021

ST. JOSEPH'S COLLEGE (AUTONOMOUS), BANGALORE-27
B.SC. HINDI– I SEMESTER
SEMESTER EXAMINATION: JANUARY 2021
HNS 120 : HINDI

Time- 2 1/2 hrs Max Marks-70

This paper has TWO printed page & six questions

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर लिखिए ।

2×10=20

1. रहीमदास के पठित किन्ही चार दोहो का विश्लेषण कीजिए ।
2. 'भिक्षुक' कविता का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।
3. 'हो गई है पीर पर्वत सी' कविता के माध्यम से दुष्यंत कुमार क्या संदेश देना चाहते है ? स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न 2. निम्नलिखित उद्धरणों में से किन्ही दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।

2x 8=16

1. दुति दुराई दुरति नहिं प्रगट करति रति-रूप।
   छुटैं पीक औरें उठी लाली ओठ अनूप॥
2. भेष देख मत भूलये, बुझि लीजिये ज्ञान।
   बिना कसौटी होत नहिं, कंचन की पहिचान।।
3. और तो और
   जो हाथ लिखना नहीं जानता हो "ह" से हाथ
   उसके हाथ में मत देना कभी मेरा हाथ

प्रश्न 3. निम्नलिखित पीके फिल्म के किसी एक विषय पर टिप्पणी लिखिए ।

1x6=6

1. सरफ़राज़ यौसुफ
2. भैरों सिंह

प्रश्न 4. निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए ।

8x1=8

1. Classification
2. Component
3. Background
4. Barometer
5. Accordingly

6. Equilibrium
7. Confidential
8. Kinetic energy

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किसी एक</u> का उत्तर लिखिए ।

1x10=10

1. कोविड-19 के वैज्ञानिक पहलू पर प्रकाश डालिए ।
2. कोविड-19 माहामारी की टीका (**Vaccine**) को लेकर आपके क्या विचार है ?

प्रश्न 6. निम्नलिखित <u>अनुच्छेद का संक्षेपण</u> करते हुए उचित शीर्षक दीजिए ।

1x10=10

लगभग 10,000 साल पहले कृषि विकास के बाद से, भौगोलिक व्याप्ति और पैदावार में कृषि का बहुत अधिक विस्तार हुआ है। इस विस्तार के दौरान, नई प्रौद्योगिकी और नई फसलें शामिल हुई। कृषि पद्धतियों जैसे की सिंचाई, फसल पुनरावर्तन, उर्वरकों और कीटनाशकों का विकास काफी पहले ही हो चुका था लेकिन इनमें उल्लेखनीय विकास पिछली सदी में ही हुआ। कृषि के इतिहास नें मानव इतिहास में एक प्रमुख भूमिका निभाई है, क्योंकि कृषि का विकास विश्व के सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन में महत्त्वपूर्ण कारक रहा है। संपत्ति अर्जन और सैन्य विकास, जिन्हें शिकारी समाजों में संभवतया महत्त्व नहीं दिया जाता है, कृषि प्रमुख समाजों में आम बात थी। इसलिए कलाएं जैसे भव्य साहित्यिक महाकाव्य और स्मारकों का वास्तुशिल्प और संहिताबद्ध कानूनी व्यवस्था भी इसमें शामिल थीं। जब किसान अपने परिवार की आवश्यकताओं से अधिक भोजन के उत्पादन में सक्षम बन गए, तब उनके समाज में कुछ लोगों को अन्य जरुरी कामों में ध्यान देने के लिए खाली छोड़ दिया गया। इतिहासकारों और मानव-शास्त्रियों का शुरू से ये मत रहा है कि कृषि के विकास ने ही सभ्यता के विकास को संभव किया है।

---------------------XXXXXXXXXXXX--------------------

HNS120_A_20